



# बिजली के खंबे से टकराई कार, पांच लोगों की मौत

लुधियाना, 6 सितंबर (भाषा)।

पंजाब के जिला लुधियाना में आज मंगलवार सुबह एक कार के वहां बिजली के खंबे से जा टकराने से घटित दुर्घटना में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल अस्पताल में उपचाराधीन है। यह जानकारी आज मंगलवार यहां पंजाब पुलिस की ओर से दी गई।

स्थानीय थाना फोकल पॉइंट के प्रभारी कुलवंत सिंह ने इस दुर्घटना के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि यहां एक निजी अस्पताल के समीप घटित यह दर्दनाक दुर्घटना तब हुई जब कार सवार लोग एक पारिवारिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद चंडीगढ़ से लुधियाना लौट रहे थे। उनके मुताबिक, इस हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान राजेश कुमार (40), उनकी बेटी जेस्मिन (5), भाभी संजना (30) और उनकी दो बेटियों के रूप में की गई। हादसे के बाद इन सभी पीड़ितों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाया गया था जहां डाक्टरों ने उन्हें तो मृत घोषित कर दिया जबकि राजेश कुमार की पत्नी प्रिया की हालत नाजुक बनी हुई है। पेशे से व्यवसायी राजेश कुमार स्थानीय प्रताप कालोनी के रहने वाले थे।

मृतकों के रिश्तेदार ने बताया कि परिवार चंडीगढ़ में एक पारिवारिक समारोह मुंडियां में शामिल होकर देर रात वापस घर लौट रहा था। करीब 2:45 बजे चंडीगढ़ रोड स्थित फोर्टिस अस्पताल के नजदीक हादसे का शिकार हो गया। कार की रफ्तार तेज होने ते गाड़ी डिवाइडर से टकराकर बिजली के खंभे से टकरा गई। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में मौजूद 8 लोगों में से चालक सहित महिला व बच्चियों की मौत हो गई।

# 'आनलाइन नौकरी' दिलाने वाले काल सेंटर गिरोह के चार शातिर गिरफ्तार

चंडीगढ़, 6 सितंबर (जनसत्ता)।

चंडीगढ़ पुलिस के साइबर सेल ने आनलाइन जाब दिलाने के नाम पर काल सेंटर चलाने वाले एक शातिर गिरोह के सरगना सहित चार शातिरों की जालसाजी का भंडाफोड़ कर दिया। उन्हें एक खुफिया जानकारी मिली थी कि आनलाइन जाब दिलाने के नाम पर जालसाजी करने वालों का नोएडा से एक काल सेंटर चलता है।

एसपी साइबर सेल केतन बंसल के निर्देश पर साइबर सेल में तैनात डीएसपी ए वेंकटेश और उनके दलबल ने सूचना के आधार पर इन शातिरों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उनके फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। इन शातिरों की पहचान उत्तर प्रदेश में जिला मेरठ के रहने वाले 24 वर्षीय पंकज, 25 वर्षीय

### बदमाशों के कब्जे से दो लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, चार एटीएम कार्ड, तेरह पोर्टेबल लैंडलाइन फोन, एक सीपीयू, एक डेस्कटाप जब्त

अरुण त्यागी, शहादरा- दिल्ली के रहने वाले 26 वर्षीय मृणाल शर्मा और उत्तर प्रदेश में ही जिला अमरोहा वासी सरगना आलोक कुमार (33) के रूप में हुई। पकड़े गए चारों शातिरों को आज मंगलवार यहां अदालत में पेश किया गया जहां से तीन को न्यायिक हिरासत में और गिरोह के सरगना आलोक कुमार को 3 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया।

**एक और मामला दर्ज**

यूटी पुलिस के साइबर सेल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अनधिकृत तस्वीरें और संदेश आदि भेजने वाले एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है और जांच में जुट गई है। चंडीगढ़ वासी शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी बेटी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर किसी अज्ञात ने अनधिकृत तस्वीरें और संदेश भेजे थे जिसकी शिकायत तुरंत पुलिस को दी गई। साइबर सेल पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**छात्र गुट आपस में भिड़े**

चंडीगढ़ में मंगलवार को विद्यार्थियों के दो गुट आपस में भिड़ गए। यह झड़प सेक्टर 32 के कॉलेज के बाहर हुई। इसमें छात्रों के बीच काफी समय तक हाथापाई होती रही।

# पंजाब के आबकारी अफसरों पर ईडी के छापे

चंडीगढ़, 6 सितंबर (जनसत्ता)।

प्रत्यावर्तन निदेशालय- ईडी की ओर से पंजाब के आबकारी एवं कराधान आयुक्त वरुण रुजम और संयुक्त आबकारी आयुक्त नरेश दूबे के आवासीय परिसरों पर आज मंगलवार छापेमारी के बाद अब पंजाब के आला सरकारी अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया। अधिकारी पूरा दिन पूरी संबंधित जानकारी पाने की बेताबी के बीच ही ईडी अधिकारियों की छापेमारी पूरी होने का इंतजार करते रहे। वैसे पंजाब सरकार की ओर से इन छापों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। स्थानीय सेक्टर बीस स्थित अरुण रुजम और पंचकूला के सेक्टर आठ स्थित दूबे के आवासों पर ईडी अधिकारियों की छापेमारी कई घंटों तक जारी रही।

दिल्ली शराब नीति को लेकर ईडी ने देशभर में 30 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी की यह छापेमारी तब हुई है, जबकि 7 व 8 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान हरियाणा के हिसार में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस कार्रवाई को आबकारी नीति से जुड़ा मामला बताया जा रहा है।

# 'फिल्म एंड एंटरटेनमेंट सिटी' स्थापित करेगा पंजाब: अमन अरोड़ा

### आवास निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रामोजी फिल्म सिटी और अन्नपूर्णा स्टूडियो का किया दौरा

चंडीगढ़, 6 सितंबर (जनसत्ता)।

मुख्यमंत्री भगवंत मान नीत पंजाब सरकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म एवं संगीत जगत की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए उत्तर भारत की पहली और अनूठी फ़िल्म और मनोरंजन सिटी स्थापित करने पर अपना ध्यान केंद्रित किए है, जिसमें पंजाबी फ़िल्म-संगीत को देश-विदेश में नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने के लिए मंच मिलेगा।

पंजाब में फ़िल्म सिटी की स्थापना के लिए बुनियादी ढांचे, अवधारणा और अन्य ज़रूरतों का विस्तार से अध्ययन करने के लिए पंजाब के आवास निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री अमन अरोड़ा ने एक प्रतिनिधिमंडल समेत रामोजी फ़िल्म सिटी और अन्नपूर्णा स्टूडियोज़- हैदराबाद का दौरा किया।

उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार मनोरंजन उद्योग के लिए उचित स्थान पर अत्याधुनिक फ़िल्म और मनोरंजन सिटी की स्थापना करने की ओर विशेष ध्यान दे रही है। अपने अद्भुत परिदृश्य के कारण पंजाब हमेशा ही फ़िल्मोद्योग के आकर्षण का केंद्र रहा है, परन्तु यहां आवश्यक बुनियादी ढांचे और साजो-सामान की कमी हमेशा सालती रही। अपनी प्राकृतिक सुंदरता, चार मौसम और अपनी समृद्ध संस्कृति एवं विरासत के लिए जाने जाते पंजाब में कैमरों की ज़रूरतों को पूरा करने की अथाह क्षमता है।

हैदराबाद के मनोरंजन विशेषज्ञों से प्राप्त फीडबैक साझा करते हुए अमन अरोड़ा ने बताया कि पंजाब के दो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, राज्य के हर गांव तक पहुंच रखने वाले भारत के सबसे बढिया सडक़ एवं रेल संपर्क और आधुनिक जीवन शैली ही हॉलीवुड, बॉलीवुड, पॉलीवुड्ड और टॉलीवुड को इस ओर आकर्षित करने को पर्याप्त हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने अपने एक दिवसीय अध्ययन के दौरे के दौरान दक्षिण भारत के विशेषज्ञों के साथ फ़िल्म और मनोरंजन उद्योग की आधुनिक ज़रूरतों के अनुसार फ़िल्म और मनोरंजन सिटी की स्थापना के लिए मसौदा तैयार करने के लिए विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री भगवंत मान के पंजाब को देश के उत्तर क्षेत्र में मनोरंजन जगत का केंद्र बनाने के सपने को समर्थन करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने इस उद्योग की भविष्य संबंधी ज़रूरतों की संभावनाओं का अध्ययन भी किया।

# छह दिन से वेतन की बाट जोह रहे पंजाब के कर्मी

चंडीगढ़, 6 सितंबर (जनसत्ता)।

पाई-पाई को मोहताज पंजाब के पास अब अपने सरकारी कर्मचारियों को बीते अगस्त माह का वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं, वह भी सितंबर का एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद। वैसे तो सरकार हर बीते माह का वेतन अगले महीने की पहली तारीख को ही अदा कर दिया करती है लेकिन इस बार सरकारी खजाने में रुपए-पैसों की भारी किल्लत के चलते कर्मचारियों को उनका मासिक वेतन एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद अदा नहीं किया जा सका है।

पंजाब सरकार को रुपए-पैसों के बंदोबस्त में बड़ी दिक्कत आ रही है, विशेषकर तब जब जीएसटी पर बनते मुआवजे का दौर खत्म होने को आ रहा है जो वरना पिछले साल केंद्र सरकार द्वारा उसे बतौर जीएसटी मुआवजा 16,000 करोड़ रुपए मिला था। इस साल मौजूदा वित्तवर्ष की पहली तिमाही का ही मुआवजा उसे मिल पाया है

### सरकारी खजाने में रुपए-पैसों की किल्लत के चलते कर्मचारियों को उनका मासिक वेतन एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद अदा नहीं किया जा सका है

क्योंकि जीएसटी का दौर तो बीती 30 जून को खत्म हो चुका है।

वैसे इस साल मार्च में पंजाब की सत्ता पर काबिज होने वाली मुख्यमंत्री भगवंत मान नीत 'आम आदमी' की सरकार अपने सरकारी कर्मचारियों को समय पर वेतन अदा करती आई है लेकिन पहली बार है जब मासिक वेतन की आदायगी में विलंब हो रहा है।

एक आला सरकारी अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि वेतन आदायगी में विलंब की वजह पंजाब सरकार द्वारा एक हजार करोड़ रुपए की रकम ब्याज पर देकर अपना खाली खजाना भरने की मंशा बनी है। उनके शब्दों में, 'चूंकि यह रकम खाली सरकारी खजाना भरने के लिए ही ब्याज पर दी गई है तो लगा कि कर्मचारी एक सप्ताह तो सरकार का साथ दे ही सकते हैं। हमने सी और डी वर्ग के कर्मचारियों को तो उनका वेतन मंगलवार शाम तक अदा कर दिया है, जबकि शेष को भी उनका वेतन बुधवार तक हर हाल में अदा कर दिया जाएगा।'

सरकारी कर्मचारियों की वेतन आदायगी का बिल वैसे पंजाब सरकार के चालू बजट में 31,171 करोड़ रुपए का नजर आता है जो हर महीने के लिहाज से 2,597 करोड़ रुपए की रकम बैठती है। बता दें कि अभी सोमवार को ही पंजाब मंत्रिमंडल ने अपने अनुबंधित और तदर्थ आधार पर रखे गए कर्मचारियों को सेवा में समाहित करते हुए कर्मियों के मौजूदा कार्यबल को मजबूती देने की मंशा से ही ऐसे कर्मचारियों का एक विशेष काडर जोड़ने की अपनी नई नीति को स्वीकृति दी है और इससे पंजाब के सरकारी खजाने पर चार सौ करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

# पंजाब कांग्रेस महिला प्रमुख का इस्तीफा

फगवाड़ा, 6 सितंबर (भाषा)।

पंजाब महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बलवीर रानी सोढी ने 'पारिवारिक परिस्थितियों' का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कल सोमवार अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेज दिया था।सोढी ने अपने पत्र में लिखा, 'कृपया मुझे पद से मुक्त करें क्योंकि मैं अपनी पारिवारिक परिस्थितियों की मजबूरी के कारण पद पर बने रहने में असमर्थ हूं।'

हालांकि सोढी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह पार्टी के प्रति वफादार बनी रहेंगी। पत्र की प्रतियां राहुल गांधी और अखिल भारतीय महिला कांग्रेस समिति की कार्यकारी अध्यक्ष नीटा डिसूजा को भी भेजी गई हैं। सोढी ने कल बुधवार यानी 7 सितंबर को देशभर में कांग्रेस पार्टी की 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू होने से पहले इस्तीफा दिया है।

यह पूछे जाने पर कि क्या पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वाडिंग के साथ उनके मतभेद हैं तो सोढी ने इससे इनकार किया और कहा, 'अमिरिंदर सिंह राजा वाडिंग से मेरा कोई मतभेद नहीं और मैंने अपनी पारिवारिक मजबूरियों के कारण ही पद से इस्तीफा दिया है।' उन्होंने पार्टी छोड़ने की संभावना से जुड़े एक सवाल को भी खारिज कर दिया।

## PERSONAL

**I,Anjali** Sharma W/o Sh. Sanjay Dutt Sharma R/O House No.16 Mehli, Shimla, Teh. Shimla, Mehli (113), Shimla, Kasumpti, Himachal Pradesh-171009 declares that I have changed my name from Anjali to Anjali Sharma. All concerned please May note.

0020445099-1

**I,** Sanjay Dutt Sharma S/O Sh. S.D Sharma R/O House No 16 Mehli, Shimla, Teh. Shimla, Mehli (113),Shimla, Kasumpti, Himachal Pradesh-171009 declares that I have changed my name from Sanjay to Sanjay Dutt Sharma. All concerned please May note.

0020445100-1

## HIRA AUTOMOBILES LIMITED

Regd. Office : #598, Sector 18-B, Chandigarh 160018
Tel: 9217048111, 9257239113 | Email : hiraaccounts@gmail.com
Website: www.hiraautomobiles.com | CIN:- L50101CH1989PLC009500

### COMPANY NOTICE

Notice is hereby given that **33rd Annual General Meeting** for the **Financial Year2021 -22** will be held on **Friday, 30th day of September, 2022 at 05.00 pm** at regd. office of the Company to transact the Business as mentioned in the notice of AGM a copy of which has been sent at registered address of the members and through email whose email Id is registered with the Company. The Company has completed dispatch of physical copy of the same to Members on **5th September, 2022.**

Register of Members and the Share Transfer Books of the Company shall remain closed from **29th day of September, 2022 to 30th day of September, 2022** (both days inclusive) for the purpose of Annual General Meeting.

The Company is pleased to provide its Members facility to exercise their right to vote by electronic means and the business may be transacted through e-Voting Services provided Central Depository Services (India) Limited (CDSL). The e-voting period commences on **Tuesday 27th September, 2022** at 9:00 am and ends on **Thursday 29th September, 2022** at 5:00 pm. The e-voting module shall be disabled for voting after 5:00 pm on **Thursday 29th September, 2022.** Once the vote on a resolution is cast by the shareholder, the shareholder shall not be allowed to change it subsequently. The voting rights shall be as per the number of equity shares held by the Member as on **23rd September, 2022** being record date (cut-off date).

Copy of the notice is also available on the Company's website www.hiraautomobiles.com and website of CDSL www.evoting.cdsl.com.The procedure of electronic voting is available in the Notice of AGM.

Details of persons to be contacted for issues relating to e-voting: Mr. Puneet Mittal, M/s Beetal Financial and Computer Services Private Limited, New Delhi, Tel. No.011-29961281-283, e-mail:beetalrta@gmail.comand CDSL at Tel No. 18002005533, E-mail: helpdesk.evoting@cdslindia.com.Details of Scrutinizer: Mr. Ravinder Kumar, Company Secretary in Practice.

**For Hira Automobiles Ltd.**
sd/- **(RAHULINDER SINGH SIDHU)**
**Chairman & Managing Director**

Place : Chandigarh
Date : 06-09-2022

## हिम टेक्नोफोर्ज़ लिमिटेड

CIN: L29130HP1971PLC000904
पंजी. कार्यालय: गांव बिल्लांवाली, बद्दी, जिला सोलन (हि. प्र.)- 173205
टेली: +91 (1795) 245466 फैक्स नं. +91 (1795) 245467
ई-मेल: cs@gagl.net वेबसाइट : www.gagl.net

### सूचना
### वार्षिक सामान्य बैठक

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी की 51वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) कंपनी के पंजीकृत कार्यालय गांव बिल्लांवाली, बद्दी, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश-173205 में
वीरवार, 29 सितंबर, 2022 को पूर्वाह्न 11.30 बजे आयोजित की जाएगी।

51वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट की इलैक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी सदस्यों को भेज दी गई है, जिनकी ई-मेल आइडी कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के साथ पंजीकृत है। इसकी भौतिक प्रतियां अन्य सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत पतों पर भेज दी गई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 की 51वीं एजीएम की सूचना कंपनी की वेबसाइट www.gagl.net तथा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है। कट ऑफ तिथि 22 सितंबर, 2022 को शेयर धारक सदस्य या तो भौतिक या डिमैटरलाइज्ड फॉर्म में, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से 51वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित सामान्य तथा विशेष व्यापार पर अपने वोट इलैक्ट्रॉनिक रूप से डाल सकते हैं। सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

(a) वार्षिक रिपोर्ट को भौतिक/ इलैक्ट्रॉनिक रूप से भेजने का कार्य पूरा कर लिया है।
(b) इलैक्ट्रॉनिक विधि के माध्यम से वोटिंग 26 सितंबर, 2022 को प्रातः 09.00 बजे से शुरू और 28 सितंबर, 2022 को सायं 5.00 बजे बंद हो जाएगी।
(c) इलैक्ट्रनिक विधि के माध्यम से वोटिंग 28 सितंबर, 2022 को सायं 5.00 बजे के बाद अनुमति नहीं दी जाएगी। (d) कोई व्यक्ति कंपनी के शेयर अर्जित करता है और एजीएम की सूचना भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बना हैं तथा कट ऑफ तिथि अर्थात 22 सितंबर, 2022 को शेयरधारक है, वह वोटिंग के लिए पात्र होगा और इलैक्ट्रॉनिक विधि द्वारा वोटिंग से संबंधित किसी पूछताछ के लिए www.evotingindia.com के अंतर्गत हेल्प सेक्शन पर उपलब्ध ई-वोटिंग मैन्यूवल तथा फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स ("एफएक्यूज़") को देखें या helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल लिखें।

कंपनीज़ एक्ट, 2013 तथा उसके अधीन लागू नियमों की धारा 91 के अनुवर्ती, कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर ट्रांसफर बुक 23 सितंबर, 2022 से 29 सितंबर, 2022 (दोनों दिनों को मिलाकर) बंद रहेगी।

**कृते हिम टेक्नोफोर्ज़ लिमिटेड**
**ह./-**
**अभिषेक मिश्रा**
**कंपनी सचिव**
**प्रबंधक सचिवीय और कानूनी**

**स्थान:** बद्दी
**दिनांक:** 06.09.2022

## ब्रूक्स लैबोरेटरीज़ लिमिटेड

Brooks LABORATORIES LIMITED — AN EU-GMP approved carbapenem facility

CIN: L24232HP2002PLC000267
पंजीकृत कार्यालय: गांव किशनपुरा, नालागढ़ रोड, जिला सोलन, बद्दी (हि.प्र.)- 174101
वेबसाइट: www.brookslabs.net, ई-मेल: investors@brookslabs.net

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाने वाली 20वीं वार्षिक सामान्य बैठक

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **ब्रूक्स लैबोरेटरीज़ लिमिटेड** की **20वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम)** कारपोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए परिपत्रों") द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, संख्या 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020 और इस संबंध में बाद जारी परिपत्र, नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 02/2022 दिनांक 05 मई, 2022 के साथ पठित सेबी (आपत्तियों के सूचीकरण एवं प्रकृटीकरण अपेक्षाएं) विनियमों, 2015 ("सेबी सूचीकरण विनियमों") तथा कंपनी एक्ट, 2013 ("अधिनियम") और इसके अधीन बनाए गए नियमों के सभी लागू प्रावधानों की अनुपालना में 20वीं एजीएम सूचना दिनांक 03 सितंबर, 2022 में निर्धारित अनुसार सामान्य और विशेष व्यापार को पूरा करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से **वीरवार, 29 सितंबर, 2022 को पूर्वाह्न 09.00 बजे** आयोजित की जाएगी। सदस्यों को वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने के लिए सक्षम होना होगा। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्य कंपनी एक्ट, 2013 की धारा 103 के अंतर्गत कोरम के उद्देश्य माना जाएगा।

संबंधित परिपत्रों की अनुपालना में, एजीएम सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए स्टैंडएलॉन और कंसोलिडेटिड वित्तीय सारांश के साथ बोर्ड की रिपोर्ट, ऑडिटर्स की रिपोर्ट और उससे जुड़े अपेक्षित अन्य दस्तावेजों को कंपनी के सदस्यों को 06 सितंबर, 2022 को इलैक्ट्रॉनिक रूप से भेज दी गई है, जिनके ई-मेल कंपनी/ डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत हैं। ऊपरकथित दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.brookslabs.net और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com तथा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।

**एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग के लिए निर्देश:**

कंपनी इलेक्ट्रॉनिक विधि ("ई-वोटिंग") द्वारा एजीएम में पारित किए जाने वाले प्रस्तावित प्रस्ताव पर उनके वोट के अधिकार का प्रयोग करने के लिए इसके सदस्यों को सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्य यहां नीचे वर्णित तिथियों को सीडीएसएल की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के प्रयोग द्वारा रिमोटली ("रिमोट ई-वोटिंग") अपने वोट डाल सकते हैं।

इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोटिंग के लिए सुविधा एजीएम के स्थान पर भी उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में उपस्थित सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपने वोट का प्रयोग नहीं किया है वह एजीएम में https://www.evotingindia.com पर रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपने वोट का प्रयोग करने में सक्षम होंगे।

कंपनी ने ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी के तौर पर सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की सेवाओं को नियुक्त किया है।

ई-वोटिंग से संबंधित यूजर आइडी तथा पासवर्ड के विवरण के साथ जानकारी और निर्देश इमेल के माध्यम से भेज दिए गए है। इन क्रेडेंशियल लॉगइन का प्रयोग वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने के लिए किया जाएगा।

डिमैटेरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों द्वारा एजीएम में वोटिंग और रिमोट ई-वोटिंग का तरीका और सदस्यों जिन्होंने अपने मेल पते को पंजीकृत नहीं किया है, वह एजीएम नोटिस में प्रदान किया गया है जो कंपनी की वेबसाइट www.brookslabs.net और बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com तथा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।

**रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा निम्नलिखित वोटिंग अवधि के दौरान उपलब्ध होगी:**
**रिमोट ई-वोटिंग की शुरूआत: सोमवार, 26 सितंबर, 2022 को सुबह 9.00 बजे (आईएसटी)।**
**रिमोट ई-वोटिंग का समापन: बुधवार, 28 सितंबर, 2022 को शाम 5.00 बजे (आईएसटी)।**

पूर्वोक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी और रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को सीडीएसएल द्वारा ऊपरकथित अवधि के समाप्ति के बाद अक्षम कर दिया जाएगा।

**एक व्यक्ति, जिसका नाम कट-ऑफ डेट यानी शुक्रवार, 23 सितंबर, 2022 तक सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज किया गया है, केवल वहीं एजीएम में भागीदारी के लिए और https://www.evotingindia.com के माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा।**

**ईमेल पतों को पंजीकृत/अद्यतन करने का तरीका निम्नानुसार है:**

- भौतिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने कंपनी के साथ ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर सर्टिफिकेट (आगे और पीछे) की स्कैन की गई कॉपी, पेन (पेन कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन्ड कॉपी), आधार (आधार कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन्ड कॉपी) investors@brookslabs.net/rnt.helpdesk@linkintime.co.in मेल पर प्रदान करके पंजीकृत/अपडेट करने का अनुरोध है।
- डीमैटरीकृत मोड में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ ईमेल पते को पंजीकृत/अपडेट नहीं किया है, उनसे डीपीआईडी-सीएलएलडी (16 अंक डीपीआईडी + सीएलआईडी या 16 अंक लाभार्थी आईडी) नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, पेन (पेन कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन्ड कॉपी), आधार (आधार कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन्ड कॉपी) investors@brookslabs.net/rnt.helpdesk@linkintime.co.in मेल पर प्रदान करके पंजीकृत/अपडेट करने का अनुरोध है।
- कंपनी/आरटीए सीडीएसएल के साथ समन्वय करेगी और उपर्युक्त शेयरधारकों को लॉगिन क्रेडेंशियल्स प्रदान करेगी।
- कोई भी व्यक्ति जो एजीएम के नोटिस भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ पर शेयरधारक है, वह एजीएम के नोटिस में दिए अनुसार तरीके से यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है जो कंपनी की वेबसाइट www.brookslabs.net और सीडीएसएल वेबसाइट https://www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।
- ऐसे सदस्य एजीएम के नोटिस में कंपनी द्वारा निर्दिष्ट तरीके से ई-वोटिंग निदेशों का उपयोग करके अपना वोट डाल सकते हैं।

**जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी एजीएम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन फिर से एजीएम में अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।**

ई-वोटिंग से संबंधित किसी पूछताछ की स्थिति में, कृपया शेयरधारकों के लिए फ्रीकवेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्श (एफएक्यूज़) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग मैन्युवल www.evotingindia.com के 'हैल्प' सेक्शन में उपलब्ध हैं या श्री राकेश दलवी, उप प्रबंधक, सीडीएसएल, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, माफतलाल मिल कंपाऊड्स, एनएम जोशी मार्ग, लॉअर परेल (ईस्ट), मुम्बई-400013, ई-मेल- helpdesk.evoting@cdslindia.com, टेलीफोन नं. 1800225533 से संपर्क करें।

सदस्य अपनी पूछताछ/समस्या, यदि कोई हो, के लिए investors@brookslabs.net पर लिख सकते है।

सेबी (आपत्तियों के सूचीकरण एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमों, 2015 के विनियम 42 और कंपनीज़ एक्ट, 2013 की धारा 91 के अनुवर्ती आगामी सूचना दी जाती है कि एजीएम के उद्देश्य के लिए सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण बुक्स शुक्रवार, 23 सितंबर, 2022 से वीरवार, 29 सितंबर, 2022 (दोनो दिनों को मिलाकर) को बंद रहेगी।

**निदेशकों के बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते ब्रूक्स लैबोरेटरीज़ लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**राजेश महाजन**
**प्रबंध निदेशक**

**स्थान:** मुम्बई
**दिनांक:** 07.09.2022




www.readwhere.com